नई दिवाली आई

विनोद मानवी

कल देखा हमने भारत में
एक नई दिवाली आई
इसरो के कारण भारत में
भारत को मिली बधाई
कल देखा हमने भारत में
एक नई दिवाली आई
चांद पर भारत जा पहुंचा है ,
और तिरंगा लहराया।
भारत मां के वीरों ने
यह चांद पर जाकर दिखलाया॥
मान रही है लौहा दुनिया
भारत की पहचान का
इसीलिए तो कहते हैं हम
भारत है सम्मान का
आज चांद को जीत हमने
कारगिल को जीता हमने
गलवान घाटी पीटा हमने
उस चीनी शैतान को
रिद्धि सिद्धि आज देश में
फिर से हमने पाई
कल देखा हमने भारत में
एक नई दिवाली आई
सुनो गौर से दुनिया वालों
कहता मान विनोदी है।
ईश्वर ने इसरो को दे दी
भारत मॉ को ऊंचाई

Scanned with OKEN Scanner

एक नई दिवाली आई
धरती और आकाश हमारे
दोनो भारत माता,
इस माता का ज्ञान बड़ा है।
भारत भाग्य विधाता।
कहे मानवी इस दुनिया को
यह देश ज्ञान की गंगा है।
जिसने इसको लूटना चाहा
वही विदेशी नंगा है॥
ज्ञान सरस्वती भारत माता
नजर चांद पर आई
बड़ी अखंड कहलाई
कल देखा हमने भारत में
एक नई दिवाली आई
एक नई दिवाली आई